हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 14 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 09.0 डिग्री

11 दर्रा में गौपूजन एवं गौसेवक सम्मान हुआ



12 सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर लगा किसान मेला





## खबर संक्षेप




### शराब की अवैध बिक्री दो आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। शुक्रवार को थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अलग–अलग मामलों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 2 आरोपी कमल यदु 22 वर्ष निवासी ग्राम डमरू तथा मुक्तावन सोनवानी 52 वर्ष निवासी ग्राम रिसदा को पकड़ा गया है। आरोपियों से 14,080 कीमत मूल्य का कुल 120 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई। साथ ही प्रकरण में अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक स्कूटी जूपिटर वाहन बिना नंबर भी जब्त किया गया है। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### प्रतियोगिता परीक्षा के लिए लाइवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क प्रशिक्षण जारी

**बलौदाबाजार।** भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षा के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से लाईवलीहुड कॉलेज सकरी बलौदाबाजार में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर प्रातः 9 से 11 बजे तक निःशुल्क कोचिंग क्लास प्रारम्भ की गई है। निःशुल्क कोचिंग क्लास में भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, कुल अंकों में से 50 प्रतिशत एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत उत्तीर्ण हो, जिसकी आयु सीमा 17 से 21 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय में राजेन्द्र मानिकपुरी नवप्रेरणा कोचिंग सेटर से सम्पर्क किया जा सकता है।

### व्हीएलई बनायेगा 70 प्लस का वय वंदन कार्ड




**बलौदाबाजार।** जिले में 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को सरकार के स्वास्थ्य सेवा योजना का लाभ दिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिलेभर के स्वास्थ्य केन्द्रों में वय वंदना कार्ड बनाने का कार्य तेजी से जारी है। वय वंदना कार्ड बनाये जाने एवं 70 वर्ष के अधिक बुजुर्गों को सरकार की महत्वकांक्षी योजना से जोड़ने एवं बेहतर क्रियान्वयन के लिए गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 70 प्लस के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने जिले के व्हीएलई के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें डीपीसी विनय मिश्रा द्वारा उपस्थित व्हीएलई को प्रशिक्षण दिया गया। पंचायतों एवं वार्ड स्तर पर 70 वर्ष या उससे अधिक वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान पंजीयन के निर्देश दिए गए है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार ग्रामीण में 70 प्लस आयु वर्ग के 8940, शहरी बलौदाबाजार में 1159, ग्रामीण भाटापारा में 6774, शहरी लवन 444, ग्रामीण कसडोल 10660, शहरी भाटापारा 2757, ग्रामीण पलारी 8471 शहरी कसडोल 695, ग्रामीण सिमगा 8236, शहरी टुंन्ड्रा 539, शहरी सिमगा 632, शहरी पलारी में 387 बुजुर्ग हैं।

# लोकतंत्र में संविधान हमारी आत्मा, इसकी गरिमा बनाए रखना हमारा कर्तव्य

## जिला कांग्रेस कार्यालय में संविधान सुरक्षा अभियान का कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे संविधान सुरक्षा अभियान के तहत जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया मुख्य वक्ता के रुप में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, अगर उसे लागू करने वाले अच्छे नहीं हैं, तो वह बुरा साबित होगा। उन्होंने संविधान की महत्ता और उसकी सुरक्षा के लिए पार्टी द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी और कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत के संविधान और उसमें निहित विचारों को कमजोर करने की पूरी कोशिश की है। भाजपा सरकार के कार्यों यह स्पष्ट है कि वे अंततः संविधान के मूल सिद्धांतों को बदलना चाहते हैं और सामाजिक न्याय के विचार से दूर जाना चाहते हैं, जो संविधान का मूल है। कांग्रेस पार्टी संविधान में निहित वादों के प्रति प्रतिबद्ध है। यह अभियान संविधान की सुरक्षा और संरक्षण के लिए लड़ने और भारत के लोगों को दिए गए अधिकारों को बहाल करने का एक और प्रयास है। संविधान में सामाजिक सुरक्षा और गरीबों के सशक्तिकरण के लिए जो प्रावधान किए गए हैं उनके बारे में ▸▸ शेष पेज 11 पर




### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम को जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, प्रभारी अशोकराज आहूजा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, सतीश अग्रवाल ने भी संबोधित किया। संचालन प्रभारी महामंत्री गोपी साहू ने किया। इस अवसर पर दिनेश यदु, मोती वर्मा, विक्रम गिरी, रुपेश ठाकुर, प्रभाकर मिश्रा, गुरुदयाल यादव, सुनील कुर्रे, विक्रम पटेल, भुनेश्वर वर्मा, अमर मंडावी, नलकुमार पटेल, नीलूचंदन साहू, परमेश्वरी साहू, प्रेमलता बंजारे, गायत्री कैवर्त, टीकेश्वरी वर्मा, आलोक मिश्रा, सुशील सबलानी, डॉ. अयाज अहमद फारूकी, ▸▸ शेष पेज 11 पर

## आक्रोश : राइस मिल एसोसिएशन की बैठक में काली पट्टी लगाकर पहुंचे मिलर्स

# एसएलसी दर पर परिवहन भुगतान का लोचा मिलर्स बिफरे, 20 तक कस्टम मिलिंग रोकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



राइस मिलर्स अपनी मांगों पर राज्य सरकार द्वारा सहमति मिलने के उपरांत भी बकाया भुगतान एसएलसी दर से परिवहन भुगतान एवं अन्य मांगें पूरी नहीं होने से नाराज है। इस बारे में प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा लिए गये निर्णय के तहत बलौदाजार जिला के सभी राइस मिलर्स द्वारा भी इस माह की 20 तारीख तक कस्टम मिलिंग कार्य में असहयोग करने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में जिला राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश केडिया ने बताया कि 12 दिसंबर को रायपुर के श्रीराम मंदिर वीआईपी रोड के हाल में प्रदेश के समस्त मिलर्स की उपस्थिति में वृहद बैठक हुई, जिसमें दिनेश केडिया, गोपाल अग्रवाल, नरेन्द्र भूषाणिया, दया नायक, दीपक अग्रवाल, हेमंत चौधरी, राजेश केडिया, संजू पटेल, प्रमोद शर्मा, राहुल थरानी, राजकुमार सोलंकी, संजय अग्रवाल, शैलेश भृगु, नरेश केडिया, जयेश सचदेव, संदीप केडिया, अजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में बलौदाबाजार जिला से राइस मिलर्स सहित प्रदेश से लगभग 2500 राइस मिलर्स शामिल थे। श्री केडिया ने बताया कि राज्य सरकार की कैबिनेट की बैठक में चावल उद्योग से संबंधित विषयों पर निर्णय लिया, जिसमें मिलर्स को वर्ष 2024–25 की प्रोत्साहन राशि 80 रुपये क्विंटल करने, मिलर्स को वर्ष 2023–24 के प्रोत्साहन की एक किस्त का भुगतान करने के साथ ही पेनाल्टी विषय पर निर्णय शामिल हैं।

मिलर्स वर्ष 2022–23 के प्रोत्साहन की एक किस्त चाहते हैं, जबकि कैबिनेट ने वर्ष 2023–24 के भुगतान पर मुहर लगा दी। साथ ही एसएलसी की दर से भुगतान का विषय कैबिनेट में नहीं रखा गया। इन दो बड़ी मांगों पर पूर्व में राज्य सरकार के साथ चर्चा में सहमति के उपरांत भी मांगें पूर्ण नहीं होने पर मिलर्स का धैर्य टूट गया। बैठक में उपस्थित मिलर्स ने कहा कि यह मिलर्स के साथ वादा खिलाफी है। जिस पर विरोध व्यक्त करने अधिकांश राइस मिलर्स काले कपड़े पहनकर बैठक में शामिल होने पहुंचे थे।

### प्रदेश मिलर्स में निराशा

राइस मिलर्स का कहना है कि एक तरफ मिलर्स में कैबिनेट होने के पूर्व उत्साह का वातावरण बना हुआ था कि कैबिनेट में उनकी मांगें पूर्ण होगी, लेकिन कैबिनेट से जो निर्णय आया उससे पूरे प्रदेश के मिलर्स में निराशा का वातावरण बन गया है। प्रदेशभर के मिलर्स ने मांग की है कि प्रदेश सरकार तत्काल निर्णय लेकर जिन विषयों में सहमति बनी, उस पर अमल कर समस्या का समाधान निकाल सके, जिससे किसानों को भी कोई असुविधा ना हो। उल्लेखनीय है कि मिलर्स को कस्टम मिलिंग का बकाया भुगतान जो करोड़ों में है, वह नहीं होने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब है। मिलर के पास बैंक गारंटी बनाने, चावल जमा करने पैसा नहीं है। ऐसी स्थिति में मिलर को भुगतान के अभाव में मिलर कस्टम मिलिंग कार्य करने असमर्थ हो चुका है।

## अभा फिन स्वीमिंग कप में नगर की दो खिलाड़ियों ने जीते 21 मेडल




हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

सातवीं अखिल भारतीय फिन स्विमिंग फेडरेशन कप 8 से 10 दिसंबर तक हैदराबाद में आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 58 मेडल जीते। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारत से प्रतिभागियों की संख्या लगभग 250 थीं, जिसमें छत्तीसगढ़ से सिमगा की दो बहनों प्रिया सोनी ने 13 मेडल जीते। जबकि मायरा सोनी ने 7 मेडल अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता दक्षिण भारत में पहली बार आयोजित की जा रही थी और इसे लेकर प्रतिभागियों का उत्साह जबरदस्त था। यूएसएफटी (अंडरवाटर स्पोर्ट्स फिन स्विमिंग एसोसिएशन तेलंगाना) की अध्यक्ष ज्योति पी ने कहा कि वे प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं। इस बार की प्रतियोगिता में देश के 17 राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। वहीं 11 दिसंबर को गाचीबावली स्टेडियम में इस प्रतियोगिता का समापन हुआ। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों की सफलता ने राज्य को गौरवान्वित किया और फिन स्विमिंग में उनके भविष्य के लिए नई राहें खोली हैं। प्रिया एवं मायरा सोनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उनके पिता राकेश सोनी, सचिन जैन, अखिलेश शर्मा, नीरज शर्मा, आशीष मिश्रा, आनंद शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## आदतन अपराधी पर हुई जिलाबदर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जिले के एक आदतन अपराधी पिंटू देवांगन को जिलाबदर किया है। विदित हो कि आपरेशन विश्वास के तहत बदमाशों पर लगातार कार्रवाई हो रही, कई अन्य बदमाशों पर कार्रवाई प्रक्रिया जारी है।जिला कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत क्रमशः दाण्डिक प्रकरण में पारित आदेश 12 दिसम्बर के अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के ▸▸ शेष पेज 11 पर

### बदमाशों पर लगातार कार्रवाई हो रही

आपरेशन विश्वास के तहत आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में बदमाशों पर लगातार कार्रवाई हो रही हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जिले के एक आदतन अपराधी को 1 वर्ष की कालावधि के लिए जिलाबदर कर दिया गया है। साथ ही पुलिस द्वारा जिले के अन्य आदतन बदमाशों पर भी जिलाबदर की कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में भेजा गया है, जो कि अभी प्रक्रिया में हैं।

## बलौदाबाजार घटना के गिरफ्तार आरोपियों को फ्रीडम फाइटर कहने पर गरमायी राजनीति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

प्रदेश के पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया द्वारा बलौदाबाजार में 10 जून को घटित आगजनी व तोड़फोड़ के मामले में गिरफ्तार आरोपियों को फ्रीडम फाइटर कहे जाने का मामला तुल पकड़ लिया है। इस संबंध में प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने डहरिया के उक्त कथन की निंदा करते हुए इसे असली देश भक्तों का अपमान बताया है। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी के संविधान रक्षा अभियान कार्यक्रम में शामिल होने गुरुवार को बलौदाबाजार पहुंचे, प्रदेश के पूर्व मंत्री कांग्रेस नेता शिवकुमार डहरिया ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार सतनामी समाज के लोगों को प्रताड़ित कर रही है। लोहारीडीह ▸▸ शेष पेज 11 पर



- मंत्री टंकराम ने कहा यह बयान देश की आजादी में कुर्बानी देने वाले असली फ्रीडम फाइटर का अपमान है

### राजस्व मंत्री टंकराम ने डहरिया के बयान की निंदा की

आगजनी व तोड़फोड की वारदात के मामले में गिरफ्तार आरोपियों को फ्रीडम फाइटर बताने वाले पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया के बयान की निंदा करते हुए राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि यह वास्तव में देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले असली फ्रीडम फाइटर का अपमान है। उन्होंने कहा कि देश को आजाद करने अंग्रेजों से लड़ने तथा अपनी जान न्योछावर करने वाले देश भक्त थे।

## 6 खंडपीठों में होगी नेशनल लोक अदालत की सुनवाई




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज 14 दिसंबर को किया जा रहा है। इसका शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय – बलौदाबाजार में 6 खंडपीठ, परिवार न्यायालय हेतु 1 खंडपीठ भाटापारा व्यवहार न्यायालय हेतु 4 खंडपीठ व्यवहार न्यायालय सिमगा एवं कसडोल हेतु 1–1 खंडपीठ का गठन किया गया है। राजस्व न्यायालय के प्रकरण हेतु पृथक से खंडपीठ बनाया गया है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, ▸▸ शेष पेज 11 पर

### नेशनल लोक अदालत आज

**पवनी।** छत्तीसगढ़ राज्य में अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय तक के सभी न्यायालयों में शनिवार 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में सबंधित व्यक्ति न्यायालय, राजस्व विभाग के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के माननीय न्यायालय, पुलिस विभाग, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत, बीएसएनएल, विद्युत विभाग, समस्त बैंकों आदि से संपर्क कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के ▸▸ शेष पेज 11 पर

## सुतिउरकुली की दुलेश्वरी ने राशि एकत्रित कर खरीदी आटा चक्की

# महतारी वंदन की राशि से आत्मनिर्भर बनने लगीं महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पवनी

ग्राम पंचायत सुतिउरकुली की रहने वाली दुलेश्वरी बाई साहू ने महतारी वंदन योजना का लाभ लेकर अपनी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव किया है।

दुलेश्वरी को इस योजना के तहत 1,000 रुपये की सहायता राशि मिली, जिसे उन्होंने समझदारी से उपयोग किया और अपने परिवार के आर्थिक स्थिति को सुधारने का एक बड़ा कदम उठाया। द

लेश्वरी ने इस धनराशि को अन्य छोटी बचतों के साथ मिलाकर अपने घर में एक आटा चक्की मशीन खरीदी। इस मशीन से उन्होंने न केवल अपने परिवार की जरूरतों को पूरा किया, बल्कि गांव में सेवा प्रदान करके अतिरिक्त आय का स्रोत भी शुरू किया। इस आटा चक्की के जरिए दुलेश्वरी बाई अपने गांव के लोगों को आटा उपलब्ध करा रही हैं। इसका सीधा असर उनकी आमदनी और परिवार की आर्थिक स्थिति पर पड़ा। अब वे न केवल आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा भी बन चुकी हैं।

### दुलेश्वरी बाई अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा

दुलेश्वरी बाई ने महतारी वंदन योजना और राज्य सरकार की पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रही है। दुलेश्वरी बाई ने अपनी जिंदगी में सरकारी योजनाओं का सही और सार्थक उपयोग कैसे किया जा सकता है, इसका प्रमाण दिया है। उनकी मेहनत और संकल्प ने उन्हें अपने परिवार और समाज में सम्मान दिलाया। यह अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है, जो अपनी पारिवारिक स्थिति को आर्थिक रूप से संबल देने के लिए प्रयासरत हैं। महतारी वंदन योजना ने न केवल दुलेश्वरी की आर्थिक स्थिति सुधारी, बल्कि स्वरोजगार की शुरुआत की है।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### बृजमोहन ने छत्तीसगढ़ में आपदा प्रबंधन संस्थान खोलने की मांग की

**रायपुर।** लोकसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा के दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए।



उन्होंने छत्तीसगढ़ में आपदा प्रबंधन संस्थान खोलने की मांग की। श्री अग्रवाल ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा, यह विधेयक 15वें वित्त आयोग के निर्देशों के आधार पर तैयार किया गया है और इसमें राज्यों और जिलों को अधिक शक्ति दी गई है। विपक्ष द्वारा इस संशोधन विधेयक पर सवाल उठाना निराधार है। श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में एक आपदा प्रबंधन संस्थान स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा, राज्य खनिज, कोयला और लोहे के खनन के माध्यम से केंद्र को बड़ा राजस्व देता है, लेकिन हाथियों के उत्पात और नक्सलवाद जैसी समस्याओं से जूझ रहा है।

### महंत बोले- भाजपा सरकार का पहला साल, छत्तीसगढ़ बदहाल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, वादा निभाने वित्तमंत्री, गृहमंत्री के आवास का घेराव किया जा रहा है। सरकार के खिलाफ दिव्यांगजन आंदोलन करने को मजबूर हो गये हैं।



दिव्यांग मुख्यमंत्री निवास घेरने को निकलने को विवश हो गये। यह सरकार के 1 साल की कथित सफलता की सच्चाई है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के 1 साल में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया है। जनकल्याणकारी योजनाएं बंद हो गयी हैं। सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 1 साल में ही राज्य के खजाने पर 37000 करोड़ से अधिक का कर्जा हो गया है। युवाओं को मिलने वाला बेरोजगारी भत्ता बंद हो गया। सरकारी नौकरी में भर्तियां बद हो गयीं। बिजली के दाम बढ़ गये। एक साल में ही साय सरकार जनता में अलोकप्रिय साबित हो गयी है।

### शिवली को पीएचडी

**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय अटल नगर ने शिवली श्रुति श्रीवास्तव को मनोविज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।



उनके शोध का विषय 'सरकारी और निजी स्कूल के शिक्षकों के व्यावसायिक तनाव और आत्म-संपीड़न के कारण मानसिक स्वास्थ्य' था। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. प्रीति दीक्षित के मार्गदर्शन में पूरा किया। उनकी इस उपलब्धि के लिए अभिलाष श्रीवास्तव, अमिताभ श्रीवास्तव, निर्मला, डॉ. सिमी श्रीवास्तव, डॉ. मनीष, भागीरथी सक्सेना, अपूर्वा एवं निशांत का सहयोग रहा।

### कांग्रेसियों ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**रायपुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने गुरुवार को विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान भारी समस्या किसानों एवं समिति प्रभारियों को होने की बात आई और धान उठाव नहीं होने से विकराल स्थिति निर्मित हो गई है। आगे मांग की है कि राइस मिलरों से हड़ताल वापस कराकर तत्काल धान का उठाव करें एवं अधिक तौलाई की भी शिकायत दूर करने की मांग सरकार से की है। किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेस पार्टी सजग है, किसानों की शिकायत या तकलीफ पर किसानों के साथ आंदोलन करने बाध्य होगे। उन्होंने बताया कि सहकारी समिति के प्रबंधक अनेक समस्याओं के बावजूद धान खरीदने मजबूर हैं, धान का बफर स्टॉक डबल से भी ज्यादा हो गया है, लेकिन समिति के कर्मचारी अधिकारियों के दबाव में खरीदी कर रहे हैं। अधिक तौल की शिकायत अभी भी जारी है। सूखत एवं अन्य खर्च सभी अब समितियों की जिम्मेदारी हो गए हैं, जिसके कारण किसानों से अधिक धान की तौलाई की जा रही है।

---

**वन्यजीवों का संरक्षण, संवर्धन करने समन्वय स्थापित करने दोनों राज्यों के वन अफसरों की हाई लेवल मीटिंग**

# छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश बना हाथी-बाघ का कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के हाथियों का पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा मध्यप्रदेश के बाघों का राज्य में आमद पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा बढ़ गई है। हाथी तथा बाघ को किसी तरह से नुकसान से बचाने शुक्रवार को वन मुख्यालय में दोनों राज्यों के वन अफसरों की एक हाईलेवल बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों राज्यों के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सहित वन्यजीव अफसर के साथ डीएफओ शामिल हुए।

बैठक में हाथी तथा बाघ के संरक्षण के लिए दोनों राज्यों के बीच सर्वोत्तम उपायों और समन्वय पर चर्चा की गई। बैठक में मध्यप्रदेश के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ शुभ्रंजन सेन, राज्य के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर कुमार अग्रवाल तथा एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ प्रेम कुमार के साथ मध्यप्रदेश के बांधवगढ़, कान्हा, संजय गांधी टाइगर रिजर्व के वन अधिकारी भी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ से टाइगर रिजर्व से और बिलासपुर तथा सरगुजा वन मंडल के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

#### संयुक्त प्रयास कर वन्यजीवों को बचाएंगे

दोनों राज्यों के वन अफसरों ने बाघ तथा हाथी के संरक्षण के लिए संयुक्त प्रयास करने की बात पर सहमत हुए। साथ ही, वन्यजीवों के आवास को सुरक्षित रखने के लिए परस्पर सर्वोत्तम उपायों का आदान-प्रदान किया जाएगा और छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के वन विभाग दोनों राज्यों के बीच निरंतर समन्वय स्थापित कर हाथी और बाघ संरक्षण की दिशा में कार्य करेंगे।



#### मध्यप्रदेश के बाघ ने बनाया टेरिटरी

गौरतलब है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व तथा गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश स्थित कान्हा तथा संजय डुबारी नेशनल पार्क से सटा हुआ है। एटीआर तथा गुरु घासीदास के साथ कवर्धा स्थित भोरमदेव अभयारण्य में मध्यप्रदेश से बाघों तथा हाथी की आवाजाही होती रहती है। गुरु घासीदास में हर दूसरे तीसरे दिन संजय डुबारी के बाघ विचरण करते हुए पहुंच जाते हैं। कान्हा में बाघों की संख्या बढ़ने से कान्हा का टी-200 टाइगर ने अचानकमार में अपना स्थायी टेरिटरी बना लिया है। राज्य के वन अफसर वर्तमान में यहां के टाइगर रिजर्व में 29 के करीब बाघ होने का दावा कर रहे हैं।

#### लैंडस्कैप एप्रोच अपनाने पर बल

बैठक में हाथी तथा बाघ के संरक्षण के लिए वन अफसरों ने लैंडस्कैप एप्रोच अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह दृष्टिकोण इन प्रजातियों के आवास को संरक्षित करने और उनके प्राकृतिक आवासों में बढ़ते खतरों को कम करने के लिए अत्यधिक प्रभावी माना गया है।

---

**राजधानी रायपुर में एक प्राइवेट स्कूल का मामला**

# महिला कर्मचारी से मारपीट, वेतन भी रोका, महिला आयोग पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में एक प्राइवेट स्कूल के प्रबंधन व उसके अन्य सहयोगियों द्वारा एक महिला कर्मचारी से मारपीट करने तथा एक माह का वेतन नहीं देने का मामला सामने आया है। पीड़ित कर्मचारी ने इस मामले की शिकायत राज्य महिला आयोग में की है, जिस पर गुरुवार को सुनवाई हुई।

#### दोनों पक्षों को दस्तावेजों के साथ आगामी सुनवाई में बुलाया

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया, लक्ष्मी वर्मा, ओजस्वी मंडावी एवं दीपिका शोरी ने रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की।

इस सुनवाई में स्कूल में मैनजमेंट व बजट का कार्य करने वाली एक महिला कर्मचारी ने स्कूल प्रबंधक व अन्य उनके सहयोगियों पर उसे प्रताड़ित करने के साथ मारपीट और एक माह का वेतन नहीं देने का आरोप लगाया। पीड़िता ने आयोग को बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से स्कूल में अध्यक्ष की असिस्टेंट के रूप में कार्य कर रही है। स्कूल में अध्यक्ष ने गड़बड़ी की थी, जिसकी जांच करने के बाद प्रबंधक ने उसे हटा दिया। उसके हटाने के बाद प्रबंधक अब अध्यक्ष द्वारा की गई गड़बड़ी का हिसाब-किताब उससे मांग रही है, जबकि इस गड़बड़ी से उसका कोई लेना-देना नहीं है। इधर प्रबंधक व उसके सहयोगियों ने भी संदेह व्यक्त किया है कि इस गड़बड़ी में पीड़िता भी सहभागिता रही है, इसलिए उससे हिसाब-किताब मांगा जा रहा है। आयोग ने इस प्रकरण में दोनों पक्षकारों को आगामी सुनवाई में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

#### पत्नी को बच्चों से किया अलग समझाइश पर पति साथ रहने हुआ राजी

एक प्रकरण में एक व्यक्ति ने अपने दो बच्चों को पत्नी से छीनकर अपने पास रख लिया था। पत्नी की शिकायत पर इस मामले में आयोग ने सुनवाई की। इस दौरान आवेदिका ने बताया कि पति ने पारिवारिक विवाद पर उसके दो वर्ष और 4 माह के दोनों बच्चों को उससे छीनकर झांसी से दो सौ किलोमीटर दूर अपने रिश्तेदार के पास छोड़ आया है। इस सुनवाई में अनावेदक 2 वर्ष के बच्चे को लेकर पहुंचा था। आयोग ने इस पर अनावेदक को आगामी सुनवाई में दोनों बच्चों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

#### बुजुर्ग को प्रताड़ित करने पर बेटा-बहू को मकान खाली करने के निर्देश

आयोग में एक अन्य प्रकरण में एक बुजुर्ग महिला ने शिकायत की कि उसका बेटा और बहू दोनों उस पर अत्याचार कर रहे हैं। बेटा-बहू दोनों पीड़िता के घर में ही रहते हैं और शारीरिक व मानसिक रूप से उस पर अत्याचार कर रहे हैं। आयोग ने इस मामले में बुजुर्ग महिला को जहां न्यायालय में घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराने की सलाह दी, वहीं बेटा-बहू को आवेदिका का मकान खाली करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने पर दोनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

## चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रदेश के वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने 21 दिसंबर को होने वाली 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी सरलीकरण के संबंध में विभागीय मंत्री को सुझाव संबंधी ज्ञापन सौंपा। चैबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि 55वें जीएसटी काउंसिलिंग की बैठक में सुझाव देने के लिए गत दिनों राजधानी के बाम्बे मार्केट स्थित चैंबर सभा भवन में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों की बैठक हुई थी। बैठक में प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही परेशानियों के संबंध प्रतिभागियों ने सुझाव दिए। इन्हीं सुझावों को सूचीबद्ध कर ज्ञापन सौंपा गया है। बिंदुवार दिए गये सुझाव में इनपुट टैक्स क्रेडिट जीएसटीआर 2बी केआधार मान्य होने संबंधी प्रावधान को वापस लेने, धारा 126 का विस्तार कर धारा 73 को शामिल करने संबंधी सुझाव शामिल है। साथ ही भरोसेमंद करदाताओं की पहचान करने के लिए जीएसटी अनुपालन रेटिंग का उपयोग करने संबंधी सुझाव दिया गया है।

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से व्यापार एवं उद्योग के हित में व्यापारियों द्वारा दिये सुझावों को ध्यान में रखते हुए जीएसटी काउंसिल की बैठक में शामिल करने आग्रह किया है।

चैंबर प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष-नरेन्द्र हरचंदानी, मंत्री-शंकर बजाज, राजेन्द्र खटवानी एवं टेक्नीकल टीम के सदस्य-.मुकेश मोटवानी, किशोर बरड़िया सहित अन्य पदाधिकारी प्रमुख रूप से शामिल थे।

---

## मल्टीलेवल पार्किंग, जोन दफ्तर सहित 3 एसटीपी में बिजली बिल बचाने लगाया जाएगा सोलर पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- नगर निगम ने शासन को भेजा है 8 करोड़ का प्रस्ताव
- 2.8 मेगावाट की बिजली बनाने की योजना

खारुन नदी में 3 अलग-अलग जगहों पर गंदा पानी साफ करने लगाये गये एसटीपी, मल्टीलेवल पार्किंग और नगर निगम जोन 4 दफ्तर में बिजली बिल बचाने सोलर पैनल लगाया जाएगा। इसके लिए निगम मुख्यालय द्वारा राज्य शासन को 8 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही सोलर पैनल लगाने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

दरअसल, खारुन नदी में 17 नालों का गंदा पानी सीधे गिरने से नदी का पानी प्रदूषित होता है। इस गंदे पानी को नदी में गिरने से बचाने और उसे साफ करने अमृत मिशन के तहत कारा, निमोरा और चंदनीडीह में 3 सीवरेज प्लांट स्थापित किया गया है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का 2 साल में 16 करोड़ 32 लाख बिल आया। नगर निगम ने इस बिल से राहत पाने विकल्प के तौर पर सोलर पैनल का प्रस्ताव तैयार कराया और परीक्षण के लिए क्रेडा को भेजा। परीक्षण के बाद क्रेडा के अधिकारियों ने अमृत मिशन के अधिकारियों के साथ मिलकर स्थल सर्वे किया। इसके बाद 3 एसटीपी के साथ ही नगर निगम की मोतीबाग पानी टंकी के समीप स्थित जोन 4 दफ्तर, शहर की 2 मल्टीलेवल पार्किंग में बिजली बिल बचाने सोलर पैनल का प्रस्ताव बनाकर शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा है।

---

## मेयर और पालिका अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण का नया नियम लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव में निगमों में मेयर और पालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। नया नियम लागू करने के लिए राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम अधिनियम में बदलाव किया है।

#### ये है नया नियम

छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम में किए गए बदलाव में साफ किया गया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के बारे में कहा गया है कि ऐसी जनसंख्या जिसे अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा तय किया गया है, नगर पालिका की दशा में जहां अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए पचास प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हों, वहां यथासंभव निकटतम रूप से कुल स्थानों की संख्या के पचास प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे। लेकिन अनुसूचित जातियों, जनजातियों के लिए कुल आरक्षण पचास प्रतिशत या इससे कम है को अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं किया जाएगा।

#### लॉट से होगा आरक्षण

नगर पालिका अधिनियम के संशोधन में कहा गया है कि यहां भी पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा बताई गई पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के आधार पर आरक्षण होगा। नगर पालिका में जहां अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए पचास प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हों, वहां यथा संभव निकटतम रूप से कुल स्थानों की संख्या के पचास प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे तथा ऐसे स्थान लॉट द्वारा आवंटित किए जाएंगे। किसी भी स्थिति में पचास प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिया जाएगा।

---

## पॉवर कंपनियों को नया रायपुर शिफ्ट करने के विरोध में कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनियों को एक बार फिर से नवा रायपुर शिफ्ट करने की प्रक्रिया प्रारंभ होने पर छत्तीसगढ़ रिटायर्ड पॉवर इंजीनियर्स-आफिसर्स एसोसिएशन ने इसका विरोध प्रारंभ कर दिया है। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव देव साय को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। अपने पत्र में एसोसिएशन ने बताया है कि डगनिया के मुख्यालय में अब भी बहुत स्थान है, अगर और दफ्तरों की जरूरत है तो यहां पर महज पांच करोड़ खर्च करके काम चल सकता है, इसके बदले नवा रायपुर में दो सौ करोड़ खर्च करके नया भवन बनाने की जरूरत नहीं है। पॉवर कंपनी की पहले से नवा रायपुर के सेक्टर 24 में छह हजार वर्ग मीटर जमीन है। वहां पर पॉवर कंपनी ने एनआरडीए से चार हजार वर्ग मीटर जमीन करीब दो साल पहले और ली है। कुल मिलाकर दस हजार वर्ग मीटर में भवन बनाकर कंपनियों को नवा रायपुर ले जाया जाएगा।



#### फिजूलखर्ची से बढ़ेगा उपभोक्ता पर भार

छत्तीसगढ़ रिटायर्ड पावर इंजीनियर्स-आफिसर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस मामले की पूरी जानकारी देते हुए बताया है कि पॉवर कंपनी ने नवा रायपुर कंपनियों को शिफ्ट करने पर करीब दो सौ करोड़ का खर्च अनुमानित बताया जा रहा है, जबकि वास्तव में खर्च इससे डबल से भी ज्यादा होगा। पत्र में लिखा गया है, डगनिया के मुख्यालय में बहुत स्थान है। यहां पर हाल ही में तीन नए दफ्तरों का निर्माण हुआ है। अगर और दफ्तरों की भी जरूरत होगी तो और नए दफ्तर बन जाएंगे। इसके लिए यहां पर महज पांच करोड़ ही खर्च होंगे। यही काम नवा रायपुर में करने के लिए दो सौ करोड़ खर्च करने से इसका भार उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। इसी के साथ अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बाहर से अपने काम के लिए आने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि सबको नवा रायपुर जाना पड़ेगा। पत्र में शासन की छवि भी खराब होने का हवाला दिया गया है। इस मामले में मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करके पूरी प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।

---

**नाली के उपचारित पानी की होगी बिक्री**

# नदी और नालों में प्रदूषण फैलाने के खिलाफ एनजीटी में 19 हजार केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नदी नालों में प्रदूषण फैलाने वाले वालों पर नगरीय निकायों का शिकंजा कसता जा रहा है। राज्य के 9 नगरीय निकायों ने प्रदूषण फैलाने के मामलों में करीब 19 हजार मामले बनाए हैं। यही नहीं, इन प्रदूषणकारियों और कानून के उल्लंघन कर्ताओं से लगभग 50 लाख रुपयों का जुर्माना भी वसूला गया है। यह कार्रवाई नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा समय-समय पर दिए गए आदेश निर्देश के क्रियान्वयन में की गई है। यही नहीं, निर्देश पर नाले नालियों के पानी का उपचार करके उसे भी बेचने की तैयारी है। इस काम के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र के बड़े उद्योग समूहों के साथ एमओयू किया गया है।

#### प्रदूषण फैलाने वाले सबसे अधिक रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर में

नगरीय निकायों ने नदियों और नालों के प्रदूषित करने के मामलों में सबसे अधिक 9 हजार 11 केस रायपुर में दर्ज किए हैं। इसके बाद रायगढ़ में 6 हजार 177 केस, बिलासपुर में 2 हजार 78, धमतरी में 435, कांकेर में 497, कोरबा में 420, इसके साथ ही नवापारा, राजिम, सिमगा के निकायों ने भी केस दर्ज किए और जुर्माना वसूला है।




यह जानकारी नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सदस्य सचिव पर्यावरण संरक्षण मंडल को भेजी गई रिपोर्ट में दी है। अक्टूबर की यह रिपोर्ट भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के सचिव को भेजी जानी है। नदी और नालों में प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्रवाई के ब्योरे में बताया गया है कि इस संबंध में कुल 18 हजार 962 मामले बने हैं। संबंधित लोगों से 49 लाख 74 हजार से अधिक की राशि वसूली गई है।

#### बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़ में भी बेचेंगे पानी

कोरबा नगर निगम (केएमसी) ने कोरबा में 33 एमएलडी एसटीपी के लिए एनटीपीसी, कोरबा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। केएमसी ने एनटीपीसी से प्राप्त फीडबैक को शामिल करते हुए संशोधित डीपीआर तैयार की है तथा 20.5 एमएलडी उपचारित एसटीपी जल के उपयोग के लिए अंतिम अनुमोदन प्रक्रिया के लिए एनटीपीसी कोरबा के साथ साझा किया है।

#### नाले नाली के पानी का उपचार कर होगी बिक्री

एनजीटी के निर्देश पर नगरीय निकाय अपने क्षेत्र में नदियों से आकर मिलने वाले नालों के पानी को एसटीपी बनाकर रोक रहे है और उपचारित कर रहे हैं। इस तरह साफ हुए पानी को उद्योगों के बेचने की तैयारी है। इस संबंध में कई उद्योग समूहों से एमओयू किए जा रहे हैं। रायपुर नगर निगम (आरएमसी) ने हीरा इंडस्ट्री के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, तथा निमोरा में 90 एमएलडी एसटीपी के लिए अदानी पावर प्लांट के साथ चर्चा चल रही है। आरएमसी ने कारा में 35 एमएलडी एसटीपी के लिए मां कुदरगढ़ी इंडस्ट्री तथा ब्रजेश स्टील इंडस्ट्री के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। पाइपलाइन स्थापना के लिए सर्वेक्षण किया जा चुका है, तथा डीपीआर तैयार करने का कार्य प्रगति पर है। आरएमसी ने एक पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की है तथा चंदनडीह में 75 एमएलडी एसटीपी से उपचारित एसटीपी जल का उपयोग करने के लिए मार्च 2024 को एनएसपीसीआई, भिलाई को एक मसौदा समझौता ज्ञापन प्रस्तुत किया है। एनएसपीसीएल के निदेशक मंडल से अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप दिया जाएगा।

---

## लाल उम्मेद ने संभाला एसपी का चार्ज, संतोष सिंह ने किया स्वागत

**रायपुर।** गृह विभाग के आदेश के बाद गुरुवार को लाल उम्मेद सिंह ने रायपुर एसपी का चार्ज ग्रहण किया। संतोष सिंह ने लाल उम्मेद को चार्ज सौंपा। एसपी का चार्ज देने के बाद पुराने एसएसपी संतोष सिंह ने लाल उम्मेद का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पुलिस अफसर संतोष सिंह के मुताबिक राजधानी की पुलिसिंग अन्य जिलों की अपेक्षा काफी चुनौतीपूर्ण है। रायपुर में काफी संवेदनशीलता के साथ काम करना पड़ता है। राजधानी में घटित घटना पूरे स्टेट पर असर डालती है। नए एसपी का चार्ज लेने के बाद लाल उम्मेद सिंह ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता शहर में चाकूबाजी की घटना के साथ बाहर से जो वैपन आ रहे हैं, उन पर अंकुश लगाने की रहेगी। इसके साथ ही चोरी की घटनाओं को रोकने की उनकी प्राथमिकता रहेगी। अफसर के अनुसार राजधानी की पुलिस को और संवेदनशील बनाया जाएगा।

#### संदिग्ध ठिकानों की सूची तैयार की जा रही

पुलिस के मुताबिक जिन संदिग्ध होटल, क्लब, ठिकानों में सिंथेटिक ड्रग परोसे जाने की आशंका है, उनकी सूची तैयार कर निगरानी शुरू की जा रही है। जिन जगहों से सिंथेटिक ड्रग मिलने की आशंका है, उन जगहों के बारे में जानकारी एकत्रित करने पुलिस अफसर ने मुखबिर की मदद लेने की बात कही। वीआईपी रोड में संचालित ज्यादातर होटल, क्लब तथा कैफे की पुलिस अफसर विशेष रूप से निगरानी करने की बात कह रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 30 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार


**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने 30 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 12 दिसंबर 2024 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बड़ा तालाब के सामने खेत सरायपाली के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से भारी मात्रा में देशी महुआ शराब रख कर बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी उदे कुमार सारथी पिता स्व. भोला सारथी (35 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 10 बाजारपारा सरायपाली को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के रखा महुआ शराब जुमला 30 लीटर कीमत 6000 रुपये जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### जमीन बंटवारे की बात पर मारपीट

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव में जमीन बंटवारे की बात पर मारपीट के आरोप में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। सक्तीपारा उर्कुरा रायपुर थाना खमतराई जिला रायपुर निवासी कुमारी बाई निर्मलकर ने पुलिस को बताया कि 9 दिसंबर को जमीन बंटवारे के लिए वह अपनी मां बुंदा बाई निर्मलकर व उसकी बड़ी बहन कुंती निर्मलकर मायके ग्राम नवागांव गए थे। 11 दिसंबर को सुबह घर के जमीन बंटवारा के लिए उनका भाई सुरेश निर्मलकर गांव के लोगों को बुलाए थे, जमीन बंटवारा की बात होने के बाद रात में सभी खाना खाकर सोये थे। रात करीबन 1 बजे सुरेश निर्मलकर ने तुम लोग बंटवारा लेने आए हो कहकर अश्लील गाली गलौच कर हाथ-मुक्का से एवं टंगिया से कुमारी बाई व कुंती निर्मलकर से मारपीट करने लगा, जिसे बीच बचाव करने आई बुंदा बाई निर्मलकर को भी सुरेश ने हाथ मुक्का से मारपीट किया तथा जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी सुरेश निर्मलकर के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## निधन

### केजऊ राम वर्मा



**बंगोली।** ग्राम मूरा निवासी केजऊ राम वर्मा 86 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्रामवासी शामिल हुए। वह नेतराम वर्मा, लीलावती वर्मा, ऊषा वर्मा, उर्वशी वर्मा, रतना वर्मा, कोदईया वर्मा के पिता थे।

### देहूति वर्मा



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी पटपर निवासी देहूति वर्मा 62 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम गोढ़ी में किया गया। वह पेंशनर्स संघ जिला उपाध्यक्ष दाऊराम वर्मा की पत्नी व प्रदेश शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष रविकांत वर्मा, श्रीकांत वर्मा व राजेन्द्र वर्मा की माता जी थीं।

## आयोजन : प्रदेश सरकार की पहल पर 12 से 21 दिसंबर तक कृषक संगोष्ठी होगी

# धान खरीदी केंद्रों में किसानों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

कृषक सहकारी समिति लवन धान खरीदी परिसर में गुरुवार को कृषि विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सैकड़ों किसानों का नारियल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अनुविभागीय अधिकारी भूपेंद्र कुमार कंवर ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की सरकार 12 से 21 दिसंबर तक कृषक संगोष्ठी का आयोजन किए जाने की पहल की हैं। श्री कवर ने कहा कि किसानों को धान खरीदी से लेकर फसल लगाने तक अनेक योजनाओं के साथ उत्पादन में वृद्धि किए जाने की व्यवस्था हैं। वरिष्ठ कृषि अधिकारी बी प्रजापति ने भी किसान के लिए हित में अनेक जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर विकासखंड तकनीकी प्रबंधक राम नारायण यादव ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विनोद नवरंग, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भूपेंद्र कुमार टंडन, सहकारी समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष दुर्गेश कुमार बाजपेई, किसान पंकज कुमार अग्रवाल, सहकारी समिति का प्रबंधन चंद्रमौली गंधर्व केंद्र प्रभारी राहुल यदु, महेश कुर्रे, राजेश वर्मा, ईश्वर साहू के अलावा कृषक पहारू राम नवरंगे, फिरत राम, मनोहर बंदे, जैतराम, जीवन मनहरण, दुर्गेश लोधी, योगेश रजक, पीआर बंजारे, विनय चंदेल, संतोष द्वारका प्रसाद वर्मा सहित सैकड़ों कृषक उपस्थित थे। सभी किसानों का सम्मान कृषि विभाग के अधिकारी एवं सहकारी समिति के कर्मचारियों ने किया। कृषि विभाग के अधिकारी ने बताया कि 12 दिसंबर को लवन के अलावा सरखोर व मूसवाथोड़ी में भी कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न हुआ। 13 दिसंबर को ग्राम मुंडा पनगांव परसाभदेर व बिटकुली में कृषक संगठन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कृषि विस्तार अधिकारी ने बताया कि 15 दिसंबर को अर्जुनी, सेमराडीह, बरदा, सोहेला व डमरू में कृषक संगोष्ठी होगी।

### जनादेश परब पर किसानों का खपराडीह में सम्मान



**सुहेला।** विष्णु देव सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सहकारी सेवा समिति खपराडीह में किसानों का सम्मान कर जनादेश पर्व मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहकारी समिति अध्यक्ष प्यारेलाल बघमार ने कहा कि हमें किसानों की सहायता के लिए बनाया गया, अगर किसी को धान बेचने में कोई दिक्कत हो रही है, तो उसकी शिकायत मुझसे करें। कार्यक्रम के अध्यक्ष भाजपा मंडल महामंत्री हेमंत बघमार ने कहा कि जिस मोदी की गारंटी पर आपने विश्वास कर सरकार बनाया है, विष्णु देव की सरकार उस पर पूरी खरी उतरी है। इस अवसर पर जनपद प्रतिनिधि श्याम लाल बघमार, आशाराम बघमार, विष्णु वर्मा, भोजराम वर्मा, लोकनाथ वर्मा, वेदप्रकाश साहू, पुनिया बाई, रनिया बाई, नरेंद्र आधारी वर्मा, राजाराम, दिलीप निषाद, रंजित ध्रुव, श्रवण, अशोक निषाद, का सम्मान किया गया। इस अवसर समिति के कर्मचारी पीताम्बर वर्मा, प्रकाश पाल, रोहित कोशले, चंद्रशेखर वर्मा सहित हमाल उपस्थित थे।

### पौंसरी में हुए विभिन्न कार्यक्रम




**सिमगा।** राज्य सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल' अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा विभिन्न विभागीय गतिविधियों का आयोजन कर जन सामान्य के मध्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया। इसके तहत सिमगा विकासखण्ड के ग्राम पौसरी में कृषक संगोष्ठी के माध्यम से नवाचार, उन्नत किसानों को श्रीफल एवं गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया। साथ ही वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं बीटीएम, एटीएम व कृषक मित्रों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधि सहित सभी कृषकों को विभागीय योजनाएं जैसे– प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आत्मा योजना, स्वायल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी योजना, जैविक खेती मिशन योजना, परम्परागत कृषि विकास योजनाओं की जानकारी के साथ–साथ कृषकों रबी फसलों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दरों पर ऋण वितरण, बीज निगम के माध्यम से उन्नत बीजों का बीज पंजीयन, रबी फसलों में धान के बदले दलहन, तिलहन एवं मक्का उत्पादन, ड्रोन से उर्वरक एवं कीटनाशक का छिड़काव तथा जलसंरक्षण एवं जलप्रबंधन के बारे जानकारी दी गई।

## सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर लगा किसान मेला



**पवनी।** सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर, बिलाईगढ़ ब्लॉक में जैविक खेती योजना के तहत एक किसान मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य किसानों को जैविक खेती के लाभ और उसके तरीके के बारे में जागरूक करना था। कृषि विभाग ने इस मौके पर विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगाए थे, जहां किसानों को कृषि के नए तकनीकों और उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को खेती के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, कलेक्टर धर्मेश साहू, जिला पंचायत सीईओ हरिशंकर चौहान, जिला कृषि अधिकारी भी मौजूद रहे। किसानों को जैविक खेती को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और इसके पर्यावरणीय लाभों पर भी चर्चा की। किसान मेला ने किसानों को उन्नत खेती की तकनीकों और जैविक खेती के प्रति जागरूक किया, जो क्षेत्र में कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण में सहायक सिद्ध होगा।

### सुशासन दिवस पर हुई क्विज प्रतियोगिता



**पलारी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वटगन में सुशासन दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों से छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यों व उपलब्धियों से संबंधित प्रश्न किया गया। बच्चों ने सटीक जवाब दिया। इस प्रतियोगिता में सभी क्लास के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। चंदन यादव, चांदनी यदु, मेनका, रेशम, अरुण बांधे ने प्रश्नों का सही उत्तर दिया। इस प्रकार इस सुशासन क्विज प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थीं। वहीं व्याख्याता बीएल ढीढी, एमके वैष्णव, रेखा वर्मा, रेणुका राकेश, प्रीति वर्मा, अरविंद चंद्राकर सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

## 297 पदों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 16 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु लाइवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में 16 दिसम्बर को निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 297 पदों के लिये प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 से 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक भारतीय जीवन बीमा निगम भाटापारा द्वारा बीमा अभिकर्ता के 20 पद, बीमा सखी (केवल महिला) के 20 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, उम्र 18 से 70 वर्ष वेतन पदानुसार 6 हजार से 7 हजार एवं कमिशन देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, भाटापारा होगा। मिसो कोरियर ऑफिस बलौदाबाजार द्वारा मैनेजर के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं 6 माह का अनुभव, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 12 हजार से 15 हजार तक देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। अलर्ट सेक्यूरिटी रायपुर द्वारा सेक्यूरिटी गार्ड के 50 पद, 10 पद महिला गार्ड हेतु, मार्केटिंग (पुरूष ) के 8 पद, कम्प्यूटर आपरेटर के 4 पद, कारपेंटर (पुरूष) के 4 पद, सुपरवाइजर (पुरूष) के 5 पद, शैक्षणिक योग्यता से 5वीं, 8वीं से स्नातक उत्तीर्ण, वेतन 10 हजार से 20 हजार पदानुसार, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। इंडिया हेल्प पॉइंट रायपुर रायपुर द्वारा एक्सक्यूटीव के 30 पद, सुपरवाइजर के 30 पद, मैनेजर के 5 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं से स्नातक उत्तीर्ण, उम्र 22 से 45 वर्ष, वेतन 9 हजार से 20 हजार पदानुसार, कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ होगा। टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूशन्स रायपुर द्वारा कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट के 100 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 12 हजार से 15 हजार तक कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित आवेदक स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

## नगर में चल रहे निर्माण कार्यों का अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर में हो रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का नगर पंचायत अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक तथा उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे ने निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 में 36 लाख की लागत से मुक्तिधाम का निर्माण किया गया है, जिसमें सीसी रोड पहुंच मार्ग के रूप में 10, 36 लाख की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण में पहुंचे अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा समय–समय पर नगर विकास हेतु राशि आवंटित की जाती है, जिसमें परिषद में कार्य योजना बनाकर विकास कार्यों को किया जा रहा है। परिषद के सभी पार्षदों का नगर विकास में सदैव सहयोग और समर्थन मिलता रहा है। नगर में बृहद स्तर पर विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। नए बस स्टैंड में इंटरलॉकिंग कार्य वार्ड नंबर 12 के इंदिरा नगर प्राथमिक शाला में बाउंड्री बाल निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ ही वार्ड नंबर 13 के प्राथमिक शाला ब में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य लागत पूर्ण किया गया है। नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने बताया कि आदर्श प्राथमिक शाला के प्रांगण में बरसात में कीचड़ हो जाता है, जिससे निजात पाने के लिए लगभग 5 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। नगर पंचायत में एक तरफ जहां गौरव पथ का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है, वहीं और अडबन्धा तालाब सौंदरीकरण कार्य में प्रकाश व्यवस्था हेतु खंबे होम लाइट लगाने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। नगर विकास के लिए परिषद ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जो शीघ्र धरातल पर दिखाई देगा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक, उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे के साथ पार्षद प्रतिनिधि लीलाधर वैष्णव एवं पार्षद प्रतिनिधि सुरेश रघु उपस्थित थे।

## जिपं सभापति ने किया 11 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 के जिला पंचायत सभापति डॉ. कुशल प्रसाद वर्मा द्वारा ग्राम पंचायत मुंडा में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक में डेढ़ लाख रुपए, ढनढनि में आरसीसी रोड के लिए ढाई लाख ग्राम पंचायत सुढेला के आंगनबाड़ी में डेढ़ लाख बोर खनन व रनिंग वाटर ग्राम पंचायत बिटकुली में 2 लाख रंगमंच भवन निर्माण के लिए ग्राम पंचायत भरसेला में आरसीसी रोड निर्माण के लिए चार लाख की भूमि पूजन कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें सम्मिलित सरपंच सुमित्र संतोष वर्मा, सुढेला के सरपंच पुष्पेश साहू, थानु राम वर्मा, पवित्री देवी रजक, रतन सिंह पैकरा, भुवन लाल सेन, पीतांबर पैकरा, हरी लाल यादव, नंदू लाल साहू, ग्राम पंचायत बिटकुली के सरपंच संदीप मन्हारे, पंच राजेश साहू, शिवकुमार मरकाम, धनेश मरकाम, संतोष साहू, झब्बू लाल ध्रतलहरे, पंच कृष्णा साहू, पंच रमेश साहू, द्वारका साहू, लखनू साहू, गंगा प्रसाद ध्रुव, ललित साहू नंदलाल ध्रुव, जयला खूटे, मुन्ना लाल साहू, भरसेला के सरपंच व ग्रामवासी उपस्थित थे।

आवश्यकता हैं
हरिभूमि
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिये आवेदन आमंत्रित है
स्वयं का वाहन आवश्यक
रिपोर्टर, प्रसार प्रतिनिधि - 2
योग्यता - 12वीं से स्नातक, अनुभवती को प्राथमिकता
संपूर्ण बायोडाटा
Resume Email या Whatsapp करें
Cir.haribhoomi@gmail.com
8370049468, 8224035555
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
जिला ब्यूरो कार्यालय
भाटापारा रोड, बस स्टैण्ड बलौदाबाजार (छ.ग.)

### वार्डों में घूमने लगे जनप्रतिनिधि, अब आरक्षण का इंतजार

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए सरगर्मी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के साथ ही जिले में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है। अध्यक्ष पद के सभी दावेदार आरक्षण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार पार्टी में अध्यक्ष पद को लेकर दावेदारों की संख्या काफी अधिक है तथा सभी टिकट की दावेदारी करते हुए आला नेताओं का चक्कर काटते हुए मनाने में जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी में दावेदारों के रूप में सिर्फ गिने चुने नाम ही उभरकर सामने आ रहे हैं। इसी तरह वार्डों में पार्षद पद का चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार मतदाताओं से मेल मुलाकात करते घुमते दिखाई पड़ने लगे हैं।

### जिला प्रशासन ने जारी की मतदाता सूची

#### नगर के वार्ड क्रमांक 13 में सबसे कम तथा वार्ड क्रमांक 21 में सबसे अधिक मतदाता

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अनुसार नगर में वार्ड क्रमांक 13 सुभाषचंद्र बोस भाग दो में मतदाताओं की संख्या सबसे कम 436 है। वहीं वार्ड क्रमांक 21 गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड में मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक 1088 दर्ज है।

| स.क्र. | वार्ड क्रमांक | वार्ड का नाम | अंतिम प्रकाशन दिनांक 11.12.2024 अनुसार मतदाता की जानकारी | | | प्रारंभिक एवं अंतिम मतदाता सूची अनुसार मतदाता में अंतर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुरुष | महिला | कुल | पुरुष | महिला | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 1 | स्वामी विवेकानंद वार्ड | 494 | 514 | 1008 | 3 | 17 | 20 |
| 2 | 2 | शहीद सुशील कुमार मरीह वार्ड | 344 | 342 | 686 | 34 | 36 | 70 |
| 3 | 3 | सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड | 471 | 524 | 995 | 13 | 24 | 37 |
| 4 | 4 | संजय गांधी वार्ड (भाग–1) | 317 | 337 | 654 | -3 | 8 | 5 |
| 5 | 4 | संजय गांधी वार्ड (भाग–2) | 297 | 317 | 614 | 2 | 18 | 20 |
| 6 | 5 | वीर शिवाजी वार्ड | 519 | 557 | 1076 | 19 | 25 | 44 |
| 7 | 6 | इंदिरा गांधी वार्ड | 465 | 508 | 973 | 10 | 19 | 29 |
| 8 | 7 | राजीव गांधी वार्ड (भाग–1) | 294 | 352 | 646 | 6 | 16 | 22 |
| 9 | 7 | राजीव गांधी वार्ड (भाग–2) | 170 | 204 | 374 | -2 | -3 | -5 |
| 10 | 8 | गुरूनानक देव वार्ड (भाग–1) | 386 | 379 | 765 | 10 | 13 | 23 |
| 11 | 8 | गुरूनानक देव वार्ड (भाग–2) | 265 | 271 | 536 | 38 | 49 | 87 |
| 12 | 9 | गुरूघासीदास वार्ड (भाग–1) | 490 | 601 | 1091 | 22 | 50 | 72 |
| 13 | 9 | गुरूघासीदास वार्ड (भाग–2) | 323 | 316 | 639 | -18 | -11 | -29 |
| 14 | 10 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | 440 | 465 | 905 | 33 | 34 | 67 |
| 15 | 11 | चंद्रशेखर आजाद वार्ड (भाग–1) | 287 | 304 | 591 | 11 | 13 | 24 |
| 16 | 11 | चंद्रशेखर आजाद वार्ड (भाग–2) | 253 | 306 | 559 | 3 | 2 | 5 |
| 17 | 12 | शहीद भगत सिंह वार्ड | 396 | 450 | 846 | 19 | 24 | 43 |
| 18 | 13 | सुभाष चंद्र बोस वार्ड (भाग–1) | 354 | 384 | 738 | 2 | 3 | 5 |
| 19 | 13 | सुभाष चंद्र बोस वार्ड (भाग–2) | 225 | 211 | 436 | 6 | 8 | 14 |
| 20 | 14 | महात्मा गांधी वार्ड | 402 | 373 | 775 | 4 | 14 | 18 |
| 21 | 15 | पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड | 299 | 323 | 622 | 21 | 32 | 53 |
| 22 | 16 | लोकमान्य तिलक वार्ड | 349 | 413 | 762 | 4 | 8 | 12 |
| 23 | 17 | रानीदुर्गावती वार्ड | 483 | 490 | 973 | 28 | 28 | 56 |
| 24 | 18 | डां. राममनोहर लोहिया वार्ड (भाग–1) | 301 | 299 | 600 | 8 | 8 | 16 |
| 25 | 18 | डां. राममनोहर लोहिया वार्ड (भाग–2) | 282 | 305 | 587 | 6 | 3 | 9 |
| 26 | 19 | रानी लक्ष्मीबाई वार्ड (भाग–1) | 319 | 382 | 701 | 3 | 11 | 14 |
| 27 | 19 | रानी लक्ष्मीबाई वार्ड (भाग–2) | 461 | 503 | 964 | 4 | 4 | 8 |
| 28 | 20 | शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड (भाग–1) | 529 | 508 | 1037 | 3 | 8 | 11 |
| 29 | 20 | शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड (भाग–2) | 314 | 312 | 626 | 3 | 5 | 8 |
| 30 | 21 | गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड | 538 | 582 | 1120 | 12 | 20 | 32 |
| | | योगः– | 11067 | 11832 | 22899 | 304 | 486 | 790 |

#### बलौदाबाजार नगर पालिका में 790 नये मतदाता

नगरीय निकाय के होने वाले चुनाव के लिए मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अनुसार इस बार बलौदाबाजार नगरीय क्षेत्र में 304 पुरुष तथा 486 महिला मतदाताओं के रूप में कुल 790 नये मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के अनुसार बलौदाबाजार नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत 21 वार्डों में 10763 पुरूष तथा 11346 महिला मतदाताओं सहित कुल 22109 मतदाता थे, जो अंतिम प्रकाशन के बाद बढ़कर 11067 पुरुष तथा 11832 महिला मतदाताओं के साथ कुल मतदाताओं की संख्या 22899 हो गई है।



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
22 दिसंबर 2024
12 जनवरी 2025
19 जनवरी 2025
16 फरवरी 2025
13 मार्च 2025
13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)